**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**04.12.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1442 का उत्तर**

**जोधपुर मंडल और अजमेर मंडल में चल रही रेल परियोजनाएँ**

**1442. श्री लुम्बा राम:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) राजस्थान में उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल और अजमेर मंडल में चल रही रेल परियोजनाओं का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;**

**(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेल मंडल और अजमेर रेल मंडल के विकास के लिए अब तक कुल कितना बजट आवंटित किया गया है, जारी किया गया है और उपयोग में लाया गया है; और**

**(ग) उक्त परियोजनाओं को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**********

S.K

जोधपुर मंडल और अजमेर मंडल में चल रही रेल परियोजनाएँ के संबंध में दिनांक 04.12.2024 को लोक सभा में श्री लुम्बा राम के अतारांकित प्रश्न सं. 1442 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): रेल परियोजनाओं का सर्वेक्षण/स्वीकृत/निष्पादन राज्य-वार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय रेल-वार किया जाता है क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्य की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं। रेल परियोजनाएं को चालू परियोजनाओं के थ्रोफारवर्ड और धनराशि की समग्र उपलब्धता के आधार पर लाभप्रदता, यातायात अनुमान, अंतिम स्थान तक संपर्क, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों का संवर्धन, राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगों, रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताओं, सामाजिक-आर्थिक कारकों आदि के आधार पर शरू किया जाता है।

राजस्थान का जोधपुर और अजमेर मंडल उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में आता है। इसके अलावा, राजस्थान राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली रेल अवसंरचना परियोजनाएं भारतीय रेल के उत्तर पश्चिम रेलवे, उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे जोनों के अंतर्गत आती हैं। लागत, व्यय और परिव्यय सहित रेल परियोजनाओं का क्षेत्र-वार ब्यौरा भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है ।

01.04.2024 तक, जोधपुर मंडल और अजमेर मंडल सहित राजस्थान राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली 51,814 करोड़ रुपए की लागत वाली कुल 4,191 किलोमीटर लंबाई की 32 रेल परियोजनाएं (15 नई लाइनें, 05 आमान परिवर्तन और 12 दोहरीकरण) योजना और कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से 1,183 किलोमीटर लंबाई कमीशन की जा चुकी है और मार्च 2024 तक 14,785 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है। कार्य की स्थिति का सार निम्नानुसार है: -

S.K

| योजना शीर्ष | परियोजनाओं की संख्या | कुल लंबाई (कि.मी. में) | कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में) | मार्च 2024 तक व्यय (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| नई लाइन | 15 | 1230 | 134 | 3593 |
| आमान परिवर्तन | 5 | 1252 | 759 | 5398 |
| दोहरीकरण/ मल्टीट्रैकिंग | 12 | 1709 | 290 | 5794 |
| कुल | 32 | 4191 | 1183 | 14875 |

राजस्थान राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:

| अवधि | परिव्यय |
|---|---|
| 2009-14 | 682 करोड़ रु. प्रति वर्ष |
| 2024-25 | 9959 करोड़ रु. (15 गुना से अधिक) |

वर्ष 2009-14 और 2014-24 के दौरान राजस्थान राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाले नए रेलपथों का कमीशन/बिछाने का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| अवधि | कमीशन किए गए नए रेलपथ | नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग |
|---|---|---|
| 2009-14 | 798 कि.मी. | 159.6 कि.मी./वर्ष |
| 2014-24 | 3742 कि.मी. | 374.2 कि.मी./वर्ष (2 गुना से अधिक) |

S.K

**रेल परियोजना(ओं) का पूरा होना राज्य सरकार द्‌वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के पदाधिकारियों द्‌वारा वन संबंधी स्वीकृति, लागत भागीदारी परियोजनाओं में राज्य सरकार द्‌वारा लागत हिस्सेदारी जमा करना, परियोजनाओं की प्राथमिकता, बाधक जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक स्थितियां, परियोजना (परियोजनाओं के) स्थल में कानून व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितयों के कारण परियोजना विशेष स्थल के लिए वर्ष के दौरान कार्य के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।**

******